# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–26 दिसंबर 2024 सान्ध्य समाचार

सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों जोरावर सिंह, फतेह सिंह, अजीत सिंह और जुझार सिंह के बलिदान को स्मरण करने के लिए आज पूरा देश वीर बाल दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राजधानी लखनऊ में अपने आवास पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चारों साहिबजादों के पुण्य स्मरण को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज जब हम जब बांग्लादेश की घटना व पाकिस्तान के अंदर अत्याचार के बारे में सुनते हैं, तब सिख गुरुओं के त्याग–बलिदान का स्मरण होता है। जब हम सिख गुरुओं की प्रेरणा से आगे बढ़ेंगे, तब काबुल–बांग्लादेश होने से बच पाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना अपनाने पर जोर दिया।

***हर भारतवासी को चाहिए उसका एक धर्म है और वह है राष्ट्रधर्म देश सर्वोपरि है राष्ट्र सर्वोपरि है भले ही मेरा शीश, मेरे धड़ से अलग हो जाए। भारत का शीश नही झुकना चाहिए।***

वीर बाल दिवस के इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित प्रदेश सरकार के कई मंत्री और सिख समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे। वीर बाल दिवस पर प्रदेश के सभी गुरुद्वारों में कार्यक्रम आयोजित कर गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों को याद किया गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश सहित दस राज्यों में स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार की गयी घरौनियों– प्रापर्टी कार्ड का वितरण करेंगे। इसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन और बेबकास्ट के जरिये जिला मुख्यालयों पर किया जाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा घरौनी वितरण का शुभारंभ किए जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने आवास पर लाभार्थियों को भौतिक रूप से भी घरौनी वितरित करेंगे।

**********

अयोध्या के राम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए पहली जनवरी से राम भक्तों को एक घंटे और अधिक समय मिल जाएगा। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने नववर्ष, प्रयागराज महाकुंभ और राम मंदिर की प्रतिष्ठा द्वादशी को देखते हुए दर्शन अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे श्रद्धालुओं को सुबह सात बजे से रात दस बजे तक रामलला के दर्शन हो सकेंगे।

**********

गोरखपुर से बेंगलुरू के लिए विमानन कंपनी इंडिगो की सीधी उड़ान सेवा पांच साल बाद इकतीस दिसंबर से फिर शुरू होने जा रही है। अभी तक अकासा एयर लाइन का हवाई जहाज ही गोरखपुर से बेंगलुरू के लिए रोजाना उड़ान भरता है। इंडिगो का जहाज दोपहर बाद दो बजकर बीस मिनट पर बेंगलुरू से उड़ान भर कर शाम पांच बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचेगा। यहां से यह जहाज शाम साढ़े पांच बजे उड़ान भर कर रात में आठ बजकर बीस मिनट पर बेंगलुरू पहुंचेगा।

**********

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गोरखपुर शहर के निजी स्कूलों में दाखिले के लिए पहले चरण में लॉटरी के जरिए एक हजार नौ सौ छप्पन बच्चों का चयन किया गया है। इन बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र सिंह ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का चयन नही हो सका है वे अगले तीन चरणों में आवेदन कर सकते हैं।

**********

कुशीनगर जिले में जिला सेवायोजन कार्यालय और मॉडल करियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में तीस दिसंबर को साखोपार में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक और आईटीआई उत्तीर्ण अट्ठारह से पैंतीस वर्ष आयुवर्ग के अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया जाएगा।

**********

प्रयागराज के महाकुंभ मेले में आज श्रीपंच अग्नि अखाड़े की छावनी प्रवेश यानी पेशवाई की प्रक्रिया हुई। इस दौरान अखाड़े से जुड़े कई राज्यों के करिब एक हजार साधु संत महाकुंभ मेले में प्रवेश के लिए निकले। श्रीपंच अग्नि अखाड़े की पेशवाई में लोगों ने फूल बरसा कर साधु संतों का स्वागत किया।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज मध्यम कोहरे के बीच मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिनो तक राज्य के पूर्वी जिलों के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना जताई है।

**********